## एक नजर में

### एसआईआर : जिले के 1 हजार 297 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ और राजनैतिक एजेंटों के साथ बैठक

**रतलाम।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई को अंतिम रूप देने और सभी पात्र मतदाताओं का स्थान मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी 1297 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की उपस्थिति में संबंधित मतदान केन्द्र के मतदाताओं को आहूत कर पारदर्शी तरीक़े से बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र में उन मतदाताओं की सूची का वाचन किया जा रहा है जो गणना अवधि में अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत पाए गए हैं। मतदान केंद्र क्षेत्र के निवासियों को इस बैठक के माध्यम से यह अवसर दिया जा रहा है कि यदि वे चाहें तो अपनी आपत्ति बीएलओ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे गुणवत्तापूर्ण मतदाता सूची तैयार की जा सके। यह बैठक सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक 7, 8 अथवा 9 दिसंबर 2025 को आयोजित की जा रही है। कोई भी मतदाता अब भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो अपने क्षेत्र के बीएलओ को अवगत करा सकते हैं। जिले में 11,24,035 मतदाता है जिनमें से लगभग 99 प्रतिशत मतदाताओं के डिजिटाइजेशन अथवा अनुपस्थित मृत या स्थानान्तरित श्रेणी के चिन्हांकन का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह अंतिम कवायद इसलिए की जा रही है कि कोई भी पात्र मतदाता, मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूट न जाए।

### कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने की एसआईआर की समीक्षा

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने रतलाम विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विषेश गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा के पांचों मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री से अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली और शेष बचे नामों को तलाश कर संबंधित व्यक्तियों के फॉर्म भी जमा कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री काश्यप द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, आदित्य डागा, मयूर पुरोहित, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, महामंत्री हेमंत राहोरी, सुबेंद्र सिंह गुर्जर, विवेक शर्मा, संदीप मौर्य, भावना गुर्जर,आयुषी सांखला, भूपेंद्र कावड़िया, निखिल बोरीवाल, शुभम चौहान, आकाश खड़के उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत के तहत शनिवार को दो स्थानों पर लगेंगे निगम के शिविर

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) से अधिक तथा रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/- से अधिक तथा रूपये 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। उक्त छूट मात्र एक बार (वन टाईम सेटलमेंट) पर ही दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। लोक अदालत के तहत नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठावें।

# एलोपैथिक दवाइयां सहित अवैध क्लिनिक सील

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के धानमंडी में 5 बेडों वाला अवैध क्लिनिक संचालित किया जा रहा था। सोमवार को जांच के लिए जब टीम ने पहुंचकर डॉक्टरों से क्लिनिक के संबंध में दस्तावेज मांगे तो पता चला कि अवैध तरीके से क्लिनिक को संचालित किया जा रहा था।

**पंजीयन के बिना संचालित किया जा रहा था पांच बिस्तरों वाला क्लिनिक**

सोमवार को क्लिनिकों की जांच के लिए एक टीम शहर में निकला। टीम ने शहर के धानमंडी में संचालित होने वाले क्लिनिकों पर पहुंचकर जांच की और प्राप्त निर्देशों के अनुसार निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान टीम को धानमंडी में 5 बेडों के साथ संचालित होता हुआ

अवैध क्लिनिक भी मिला। टीम के निरीक्षण की सूचना से शहर में हड़कंप मच गया। कुछ शहर व बाहरी क्षेत्रों में क्लिनिक के अचानक बंद होने की भी सूचना हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती संध्या बेलसरे ने बताया कि क्षेत्रीय संचालक कार्यालय उज्जैन से डॉ. एमपी जोशी एवं संयुक्त संचालक द्वारा सोमवार को जिला में संचालित क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि जिन क्लिनिको संचालकों के पास वैध पंजीयन नहीं है व डॉक्टर के पास डिग्री नहीं है उन पर त्वरित कार्रवाई करे। उक्त निर्देशों के पालन में नायब तहसीलदार मनोज चौहान व जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ राजेश मंडलोई की संयुक्त टीम द्वारा क्लीनिको का औचक निरीक्षण किया गया। डॉ. हरिओम मेडिकल हॉल में उपस्थित हितेंद्र तिवारी से पंजीयन मांगने पर क्लीनिक का पंजीयन नहीं होना बताया एवं क्लीनिक में 5 बेड लगे हुए पाए गए, मौके पर पंचनामा बनाया गया। क्लीनिक पर उपयोग में लाई गई एलोपैथिक दवाइयां एवं क्लिनिक को सील कर दिया गया। संबंधित के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है।

**दर्ज होगी एफआईआर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संध्या बेलसरे ने बताया कि डॉ. हरिओम मेडिकल हॉल में उपस्थित हितेंद्र तिवारी से पंजीयन मांगने पर क्लीनिक का पंजीयन नहीं होना बताया एवं क्लीनिक में 5 बेड लगे हुए पाए गए, मौके पर पंचनामा बनाया गया। क्लीनिक पर उपयोग में लाई गई एलोपैथिक दवाइयां एवं क्लिनिक को सील कर दिया गया। संबंधित के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है।

## हादसों से चिंतित सकल जैन युवा संघ ने की साधु-संतों की सुरक्षा की मांग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जैन साधु संत के पैदल विहार (यात्रा) में सुरक्षा की मांग को लेकर श्री सकल जैन युवा संघ ने सोमवार को एसपी के नाम ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा को सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि जैन समाज के साधु साध्वी महाराज को चार्तुमास काल के पश्चात् अन्य शहरों कस्बों में धर्म आराधना हेतु पैदल (विहार) कर ही जाना होता है। विगत कुछ वर्षों से सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, और पैदल विहार के दौरान संत समाज भी इन दुर्घटनाओ का शिकार हो रहे है। जो की चिंता का विषय है। ज्ञापन में कहा गया कि साधु संत केवल संघ समाज के ही नहीं बल्कि राष्ट्र की भी अनमोल धरोहर है। इसलिए संतो के विहार हेतु उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। सड़क मार्ग पर सावधानी हेतु ऐसे बोर्ड लगाए जाए जिससे जागरुकता बढे एवं पैदल चल रहे सभी सुरक्षित हो सके। साधु संत निर्भय होकर अपना विहार सम्पन्न कर सके। इस मोके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, भाजयुमो उपाध्यक्ष गौरव मूणत, रेडक्रास चेयरमैन प्रीतेश गादिया, श्री सकल जैन यूवा संघ के प्रकाश लोड़ा, पार्षद धर्मेंद्र रांका, पार्षद अक्षय संघवी, अमृत जैन, प्रफुल्ल लोढा, अजय खिमेसरा, सुमित सुराणा, हेमंत संघवी, संदीप चाणोदिया, विनय लोढ़ा, जितेश चोपडा, शुभम जैन, पियूष भटेवरा, विकास जैन, जितेष चौपडा आदी समाजजन मौजूद थे।

## निरीक्षण : स्टॉक का मिलान करने पर गेहूं और चावल कम मिले

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में संचालित हो रही शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया था।इस दौरान निरीक्षण में गेंहू और चावल

- शासकीय उचित मूल्य दुकान बासिन्द्रा का किया निरीक्षण
- विक्रेता को कारण बताओ ~~नोटिस किया जारी~~

कम मिले। इस पर दुकसान संचालक को नोटिस जारी किया गया हैं।

प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत कलेक्टर मिशा सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वैशाली जैन द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान बासिन्द्रा का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में दुकान का पीला बोर्ड क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया, शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न का रख-रखाव एवं भण्डारण उचित ढंग से नहीं किया जाना तथा चावल दुकान में बिखरा पाया गया, पीओएस मशीन का प्रिन्टर खराब पाया गया, शा.उ.मू. दुकान की एईपीडीएस पोर्टल अनुसार उपलब्ध स्टाक एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान में भौतिक रूप से उपलब्ध स्टाक का सत्यापन/मिलान करने पर गेंहूँ एवं चावल कम पाये जाने से मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश का उल्लंघन करने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग सैलान द्वारा विक्रेता अशोक लबाना को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर समक्ष मे उपस्थित होकर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## झोलाछाप डॉक्टर को दो वर्ष का कठोर कारावास

जावरा। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरूण सिंह अलावा ने अभियुक्त कलालिया स्थित आरोपी दिनेशचंद्र नलवाया को धारा 24 म.प्र आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम में 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुनिलसिंह खैर ने बताया दीपक पालडिया बीएमओ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडिया गोयल ने 11अप्रेल 2019 को टीम के साथ ग्राम कलालिया स्थित आरोपी दिनेशचंद्र नलवाया की क्लीनिक पहुंचे और डॉ. दीपक ने दिनेश डिग्री दिखाने का बोला जिस पर दिनेश द्वारा कोई वैध डिग्री व क्लीनिक रजिस्ट्रेशन पेश नहीं किया गया। डॉ. दीपक द्वारा दिनेश की क्लीनिक से एलोपेथिक आयुर्वेदिक दवाईया व सर्जिकल औजार व चार रजिस्टर जप्त कर पंचनामा बना कर उपरोक्त सामग्री को पृथक पृथक कार्टून में रखकर कपडे से सीलबंद किया था।

## 7 माह से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पूजा-पाठ के नाम पर ऑनलाईन रूपयों का ट्रांजेक्शन करवाकर की गई धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस को 7 माह से आरोपी की तलाश थी।

**पूजा-पाठ के नाम पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवाया था**

22 मई 2025 को तृप्ती पति स्व. विजय गोथरवाल निवासी नयागाँव राजगढ ने शिकायत दर्ज करवाई थी। फरियादी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम पर पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई थी कि आरोपी ने पूजा-पाठ के नाम से आनलाईन रूपयों का ट्रान्जेक्शन करवाकर उसके साथ धोखाधड़ी की है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षैत्र रतलाम पर अपराध क्रमांक 391/2025 धारा 318(4),3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसपी अमित कुमार के निर्देशन व एएसपी राकेश खाखा व सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर आरोपी की तलाश की गई। अब 7 माह बाद फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

**गिरफ्तारी में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** उक्त आरोपी को पकडने मे थाना औद्योगिक क्षैत्र रतलाम के थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, निरी अमित कोरी, उनि. हिमालसिह डामोर, आर 371 नरेन्द्र पावरा,आर 850 कान्हा मेघवाल एवं सायबर सेल रतलाम से आर विपुल भावसार, आर राहुल पाटीदार, आर मोर सिंह डामोर की सराहनीय भूमिका रही।

**न्यायालय में किया पेश, भेजा जेल**

पुलिस ने बताया कि प्रकरण को गंभीरता से लेकर एसपी ने थाना प्रभारी थाना औद्योगिक क्षैत्र रतलाम व सम्बंधित विवेचक को अपने स्तर पर टीम बनाकर उक्त आरोपी की पतारासी कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके पालन में थाना प्रभारी एवं अनुसंधानकर्ता ने उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किए। आरोपी काफी चालाक होकर अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। आरोपी करीब 7 माह से फरार चल रहा था। विवेचना के दौरान सायबर सैल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवई कर आरोपी तरुण पिता रामगोपालसिह कोरी (36) निवासी गली नम्बर 3 राकेस मार्ग गाजियाबाद उतरप्रदेश हाल राजनगर इक्सटेंशन गाजियाबाद उतरप्रदेश को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

## वर्षों बाद फिर मिले नवोदय के पूर्व विद्यार्थी

**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट में नवोदय के पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन एल्यूमिनी मीट कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पूर्व विद्यार्थी मिले। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली, उपप्राचार्य सुचिता खुराना एवं पूर्व विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया।

उपप्राचार्य सुचिता खुराना द्वारा नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा पूर्व विद्यार्थियों के सम्मेलन के उद्देश्य एवं एल्यूमिनी मीट मनाने के संदर्भ में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। एल्यूमिनी मीट को विद्यालय के अभिभावक एवं नवोदय के पूर्व

विद्यार्थी आलोट निवासी दुर्गा शंकर पाटीदार द्वारा संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने एवं नवोदय विद्यालय में मिल रही सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करने की प्रेरणा दी। नवोदय विद्यालय के शिक्षक एवं पूर्व विद्यार्थी नरेंद्र नरवरिया द्वारा भी विद्यार्थियों को अपने संस्मरण सुनाए। नवोदय विद्यालय मोरबी की माइग्रेशन छात्राओं द्वारा शिक्षा पर आधारित नृत्य नाटिका का आकर्षक प्रदर्शन किया। पुलिस थाना आलोट में पदस्थ लोकेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व निर्माण एवं अनुशासन का महत्व बताते हुए अपने विद्यार्थी जीवन को याद किया। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने मार्गदर्शन प्रदान किया। आभार मीट प्रभारी मनोज कुमार जोशी ने माना।

## ग्रामों को तंबाकू मुक्त घोषित किया

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत रतलाम जिले के ग्राम भीलों की खेड़ी, आडवानीया, सांसर, माकोड़िया रूँडी, कोटड़ा को तंबाकू मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। नोडल अधिकारी डॉक्टर शिरीन खान ने बताया कि अभियान प्रारंभ से लेकर अब तक 10 गांव को तंबाकू मुक्त घोषित किया जा चुका है। अभियान के दौरान सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रशिक्षित किया। स्कूल में तंबाकू मुक्त करने की गतिविधियां की गई है।

## उर्वरक उपलब्धता को लेकर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्ट्रेट कक्ष में उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण की सतत मॉनिटरिंग करें।

अधिकारी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को आसानी से उर्वरक मिल जाये। किन फसलों मे यूरिया की आवश्यकता होती है, कितने रकबे मे कितनी मात्रा में उपयोग होता है इसकी जानकारी उपलब्ध करवायें। ब्लॉक वाईज किसान एवं खपत की जानकारी उपलब्ध करवायें। बैठक में उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान, उपायुक्त सहकारिता श्री भाटी, जिला विपणन अधिकारी यशवर्धन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्णेश्वर महादेव की ध्वजा एवं कलश की प्रतिष्ठा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पूनम विहार कॉलोनी में भगवान पूर्णेश्वर महादेव मंदिर में कलश एवं ध्वज की प्रतिष्ठा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई।

इस दौरान मंदिर प्रांगण में हवन पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। आचार्यो द्वारा शुभ मुहूर्त में मंदिर शिखर पर कलश स्थापना के साथ ध्वज आरोहण किया गया।

दो दिवसीय प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रथम दिवस भजन गायक हरीश राजस्थानी प्रतापगढ़ ने सुंदर भजन माला की श्रृंखला प्रस्तुत कर झूमने को मजबूर कर दिया। ध्वज की बोली का लाभ दीपक सकलेचा परिवार एवं कलश की बोली का लाभ भंवर लाल अग्रवाल परिवार ने लिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, समाजसेवी डॉ एचएस

राठौड़, अनिल दसेडा, जीवनसिंह शेरपुर व हेमंत चोपड़ा के अभय भंडारी उपस्थित रहे। आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर पूनम विहार विकास समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, सचिव राजेश भावसार, कोषाध्यक्ष पारस सकलेचा, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष डॉ राज दांगी, कार्यक्रम संयोजक पप्पू शर्मा संरक्षक संतोष मेडतवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सुरेश पटेल, जुझार सिंह राठौर, बीएल भामर, लक्ष्मी नारायण पोरवाल, सुनील भंडारी, कुंदन मौर्य, अशोक पोरवाल, संजय बरानिया, मनीष बरानिया, हितेश व्यास, नितिन सेठिया, नवदीप सलूजा, मुकेश हरा, राहुल धाड़ीवाल, संजय पोरवाल, अभिषेक सकलेचा, विनय पवार, हर्ष राठोड, अशोक सुरेका, धर्मेंद्र यादव, शेखर धाडीवाल का विशेष सहयोग रहा। क्षेत्र में आयोजित इस भव्य आयोजन के समापन पर महा आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी भंडारा किया गया।

**आंदोलन** | आज जावरा में निकलेगी करणी सेना की भव्य आह्वान रैली

# जन क्रांति न्याय आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने जुटे जीवनसिंह

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश मे 21 दिसंबर 2025 को हरदा में होने वाले देश के सबसे बड़े जन क्रांति न्याय आंदोलन को अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। इसी कड़ी में कल मंगलवार 9 दिसंबर को प्रातः 10 बजे जावरा के गुना चोक पैलेस ग्राउंड से करणी सेना परिवार की भव्य आह्वान रैली प्रारंभ होगी। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और शिक्षक नगर (पुलिस पैट्रोल पंप के पीछे) स्थित विशाल जनसभा स्थल पर जनसभा के बाद संपन्न होगी। करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर व हजारों करणी सैनिकों के साथ-साथ सर्व समाज के लोग इस आव्हान रैली में शामिल होंगे। पिछले कई दिनों से जीवन सिंह शेरपुर पूरे मध्यप्रदेश के जिलों में दौरा कर रहे हैं और लोगों से 21 दिसंबर को हरदा पहुंचकर जन क्रांति न्याय आंदोलन को सफल बनाने

का आह्वान कर रहे हैं। जीवन सिंह ने कहा, 21 दिसंबर का हरदा जन क्रांति न्याय आंदोलन सिर्फ करणी सेना का नहीं, बल्कि पूरे सर्व समाज का आंदोलन है। 21 सूत्रीय मांगों को लेकर देशभर से लाखों लोग हरदा पहुंचेंगे। यह मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश में सामाजिक न्याय, हक-अधिकार और गरीब-सवर्ण-पिछड़े वर्ग व किसानों के सम्मान की सबसे बड़ी लड़ाई बनेगी।

**रैली पश्चात जनसभा भी होगी :** गुना चोक पैलेस ग्राउंड से शंकर मंदिर, बड़भुजा चौक, बजाज खाना,घंटाघर, कोठी बाजार, कमानी गेट, नीम चौक, लक्ष्मीबाई रोड, रतलामी गेट, गौशाला रोड, सिटी ओवर ब्रिज, चौपाटी, शिक्षक नगर (पुलिस पैट्रोल पंप के पीछे) पहुंच कर विशाल जनसभा मे तब्दील होगी।

### 21 सूत्रीय मांगों को लेकर होगा आंदोलन

12-13 जुलाई 2025 हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो। देवास व हरदा में दर्ज झूठे प्रकरण वापस लिए जाए। आरक्षण में भूमि व मकान की बाध्यता समाप्त हो, केवल 8 लाख वार्षिक आय को आधार बनाया जाए। सभी भर्तियों में 5 वर्ष आयु छूट, प्रमाणपत्र की अवधि 3 वर्ष हो, छात्रवृत्ति व ऋण में रियायतें दी जाए। शेष रहे पदों को बैकलॉग के रूप में भरा जाए। आरक्षण पूर्णतः आर्थिक आधार पर लागू हो। एक बार लाभ लेने वाले परिवार को पुनः लाभ न मिले तथा सभी वर्गों में मी लेयर की अवधारणा लागू की जाए। एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत बिना जांच गिरफ्तारी पर रोक लगे और झूठे प्रकरण दर्ज कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो। एससी-एसटी एक्ट की तर्ज पर सामान्य व पिछड़ा वर्ग की रक्षा हेतु नया एक्ट बने जो कानूनी सहायता व संरक्षण प्रदान करे। क्षत्रिय महापुरुषों के इतिहास से छेड़छाड़ पर रोक लगे। इसके लिए इतिहास संरक्षण समिति बने, एनसीईआरटी सहित संस्थानों में विकृतियाँ सुधारी जाएँ व भविष्य में रोक हेतु कठोर कानून बने। सवर्ण आयोग का पुनर्गठन हो, उसे वित्तीय व नीतिगत अधिकार देकर सक्रिय बनाया जाए। भर्ती कानून बने, वार्षिक भर्ती कैलेंडर जारी हो, देरी पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। पुलिस भर्ती में अतिरिक्त 200 शुल्क वापन हो, सभी वर्गों को 5 वर्ष की छूट मिले। दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण की नीति बने। प्रदेश की भर्तियों में प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता मिले,अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए सीमित कोटा तय हो आदि।